भारतीय विमानपत्तनों पर धावन पथों के विस्तार की योजना

1325. श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अनेक विमान कम्पनियों के विमान, जो भारतीय आकाश से गुजरते हुए पूर्व से पश्चिम की ओर जाते हैं, भारतीय विमानपत्तनों पर नहीं उतरना चाहते हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि भारत में अन्तर्राष्ट्रीय विमान-पत्तनों के धावन-पथ पर्याप्त नहीं हैं ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार भारतीय विमानपत्तनों पर धावन-पथों का विस्तार करने के लिए कोई योजना बना रही है;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) .(क) विभिन्न देशों से विदेशी विमान द्विपक्षीय करारों के अधीन भारत में अवतरण करते हैं।

(ख) से (ङ) : राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण और भारत अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा प्रबन्धित सभी हवाई अड्डों पर जहां वाणिज्यिक विमान सेवाओं का प्रचालन होता है, वहां प्रचालित सभी प्रकार के विमानों के सुरक्षित अवतरण और उड़ान भरने के लिए धावन पथ हैं।

दिल्ली-औरंगाबाद उड़ान में जलपान की व्यवस्था

1326. श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली-औरंगाबाद उड़ान संख्या आई०ई० 491 में तीन घंटे की यात्रा के दौरान यात्रियों को केवल चाय दी जाती है;

(ख) क्या यह सच है कि इस उड़ान के "हॉपिंग-फ्लाइट" होने के कारण इस विमान के यात्रियों के लिए जलपान की व्यवस्था कर पाना संभव नहीं है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार भविष्य में दिल्ली आने वाले यात्रियों के लिए औरंगाबाद में ही विमान के उड़ान भरने से पहले जलपान की व्यवस्था करने पर विचार कर रही है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) :(क) और(ख) : जी, नहीं। आई० सी० 491 (दिल्ली—औरंगाबाद) उड़ान पर दिल्ली और जयपुर के बीच चाय/कॉफी पेश की जाती है। जयपुर और उदयपुर के बीच और उदयपुर और औरंगाबाद के बीच जूस और शीतल अल्पाहार दिया जाता है। आई० सी० 492 (औरंगाबाद—दिल्ली) उड़ान पर उदयपुर—जयपुर सैक्टर पर अल्पाहार और चाय/कॉफी पेश की जाती है जबकि इस उड़ान पर औरंगाबाद और उदयपुर के बीच और जयपुर और दिल्ली के बीच मांगने पर चाय/काफी दी जाती है।

(ग) से (ङ) ये प्रश्न नहीं उठते।

प्रमुख (ट्रंक) मार्गों पर नयी विमान कम्पनियों की उड़ानें

1327. श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव :
श्री मैन्सो पद्मनाभम :

क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई आरंभ हुई सभी विमान-कम्पनियां केवल प्रमुख मार्गों पर ही अपनी उड़ानों का प्रचालन कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन कम्पनियों को दूर-दराज के क्षेत्रों में भी अपनी उड़ानों का प्रचालन करने के लिए बाध्य करेगी ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं।

(ख) से (घ) हवाई टैक्सी मार्गदर्शी सिद्धांतों के अधीन, प्रचालकों को कम दूरी के मार्गों पर भी सेवा प्रदान करना अपेक्षित है। अनुसूचित हवाई परिवहन प्रचालकों को दूरस्थ इलाकों में भी प्रचालन करना पड़ता है।

औरंगाबाद विमानपत्तन का विस्तार

1328. श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने औरंगाबाद विमानपत्तन का विस्तार करने की कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है; और

(घ) उक्त कार्य कब तक पूरा हो जायेगा?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (घ) राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की धावनपथ का 1500 फुट विस्तार, मौजूदा प्रस्थान लाऊंज का वातानुकूलन और उपयुक्त दिक्चालन सुविधाओं की व्यवस्था करके औरंगाबाद हवाई अड्डे का जापान के ओवरसीज कारपोरेशन कॉइनोमिक फंड के सहयोग से उन्नयन करने की योजना है। यह योजना ओवरसीज कारपोरेशन इकॉनोमिक फंड से अनुमोदन प्राप्त हो जाने के बाद कार्यान्वित की जायेगी। यह निर्माण कार्य काम सौंपे जाने के दो वर्षों के भीतर पूरे किये जायेंगे।

Development of tourism in Tamil Nadu

1329. SHRI S. AUSTIN : Will the Minister of *CIVIL* AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether the Union Government have received any proposals from the Tamil Nadu Government for the development of tourism in that State during 1992-93 and 1993-94;

(b) if so, the names of the tourist spots for which proposals have been received; and

(c) the funds allocated for each tourist spot ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD) : (a) to (c) The Central Department of Tourism received three proposals during 1992-93 and eight proposals during the year 1993-94 from the Government of Tamil Nadu for development of tourism in the State. The names of the tourist places with amount sanctioned are given below, vearwise :

S1. No.	Name of the oroject	Amount sanctioned (Rs. in lakhs)
	1992-93	
1	Cottages at Kodaikanal	30.40
	2 Wayside amenities at Thiruvakkrai	11.25
3	Yatri Niwas at Rameshwaram.....	44.78
	1993-94	
		30.21
	2 Tourist complex at Kumbakonam	39.37
		33.54
		23.25
		39.92